# BSF समाचार

**JUNE-SEPT 2020**



# संपादकीय

बहादुर प्रहरियों,

सीमा सुरक्षा बल के प्रहरी अपने वाक्य 'जीवन पर्यंत कर्त्तव्य' का अनुसरण कर निस्वार्थ भाव से राष्ट्र–रक्षा में लगे हैं। हमारे अदम्य साहस और शौर्य की गाथाएं देशवासियों के मन–मस्तिष्क में समाहित हैं।

विभिन्न सीमांतों के अंतर्गत आने वाली अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर घुसपैठ व तस्करी के अनेक प्रयास किए गए। सीमा पर मौजूद बल के मुस्तैद जवानों ने घटनाओं में संलिप्त घुसपैठियों को समय रहते नेस्तोनाबूत करते हुए भारी मात्रा में गोला–बारूद बरामद किया।

वहीं छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हमारा प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। नक्सल प्रभावित इलाकों में हमारे द्वारा चलाए जा रहे सिविक कार्यक्रमों व अभियानों के माध्यम से बल ने स्थानीय निवासियों के दिलों में एक विशेष जगह बनाई है।

इस क्रम में 'पर्यावरण दिवस' व 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' सीमा सुरक्षा बल ने अपनी सभी बल स्थापनाओं में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दिन सीमा चौकी स्तर पर सीमा प्रहरियों ने वृक्षारोपण अभियानों व योग साधनाओं के माध्यम से देश को राष्ट्र–कल्याण की दिशा में स्पष्ट संदेश दिया। वहीं देश के राष्ट्रीय पर्व 'स्वतंत्रता दिवस' पर बल कार्मिकों ने देशभर में फैली सीमाओं पर ध्वजारोहण कर अपने राष्ट्र–रक्षा के प्रण को दोहराया।

भारतीय प्राचीन परंपरा के अनुसार भाई–बहन के प्रेम का प्रतीक त्यौहार 'रक्षाबंधन' का विशेष स्थान है। देश के दूर–दराज व दुर्गम इलाकों में स्थित अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर राष्ट्र–रक्षा में तैनात सभी प्रहरियों को बहन के पास पहुंचकर राखी बंधवाने का अवसर संभवतः कम ही मिलता है। ऐसे में देश की
सरहदों पर तैनात प्रहरियों को राखी बांधने के लिए सीमावर्ती इलाकों से अधिकाधिक संख्या में बहनें सीमा चौकियां पहुंची और प्रहरियों की कलाईयों पर राखियां बांधी।
बीते कई माहों से देश कोविड महामारी से जूझ रहा है। ऐसे में देश की विभिन्न सीमावर्ती चौकियों व स्थ. ापनाओं में तैनात बल के जवान आमजन की सुविधा हेतु अपने प्रयास लगातार जारी रखते हुए जरूरी सामानों की आपूर्ति कर रहे हैं।

उपरोक्त विषयों के सचित्र आलेखों सहित अन्य ढेर सारी पठनीय सामग्री को पत्रिका में समाहित करने का प्रयास किया गया है। हमें आशा है कि इसके पढ़ने से आपको बल में संचालित गतिविधियों की जानकारी मिल सकेगी।

धन्यवाद।

# अंदर के पन्नों में



महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल श्री राकेश अस्थाना को बल की कमान सौंपते, निर्वतमान महानिदेशक श्री एस.एस. देसवाल।



74वें स्वतंत्रता दिवस सलामी के दौरान सीमा प्रहरी।



रक्षाबंधन के दिन सीमा प्रहरियों को राखी बांधती स्थानीय युवतियां।



अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण करते सीमा प्रहरी।


- पदोन्नतियां व संक्रियात्मक उपलब्धियां – 04
- सीमांत गतिविधियां – 05 – 26
- बल महानिदेशक के दौरे – 27 – 29
- छायाचित्र दीर्घा – 30 – 31



**अध्यक्ष**
राकेश अस्थाना, महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल

**मुख्य संपादक**
सोनाली मिश्रा महानिरीक्षक, (सामान्य)

**संपादक**
कृष्णा राव, जन संपर्क अधिकारी
राजकुमार पाठक, सहायक जन संपर्क अधिकारी

**उप–संपादक**
उप–निरीक्षक, प्रशांत कुमार शर्मा

**आवरण सज्जा**
आरक्षक मनोज कुंवर

**सहयोग**
निरीक्षक संदीप कुमार
मुख्य आरक्षक गुलाब सिंह

**छायांकन**
छायाचित्र अनुभाग, बल मुख्यालय
एंव सभी सीमांतों के छायाचित्र प्रकोष्ठ

# पदोन्नतियां

- समादेष्टा से उप–महानिरीक्षक – 03
- डिप्टी कमांडेंट से द्वितीय कमान अधिकारी – 12
- सहायक कमांडेंट से उप–कमांडेंट – 08
- निरीक्षक से सहायक कमांडेंट – 03
- उप–निरीक्षक से निरीक्षक – 06
- सहायक उप–निरीक्षक से उप–निरीक्षक – 29
- मुख्य आरक्षक से सहायक उप–निरीक्षक – 259
- आरक्षक से मुख्य आरक्षक – 962

## बल की संक्रियात्मक उपलब्धियां

| क्रम संख्या | जून माह में | जुलाई माह में | अगस्त माह में | सितंबर माह में |
|---|---|---|---|---|
| बल की अनुमानित जब्ती (रूपये | 2653074983 | 1974163757.84 | 1667083840 | 1802976945 |

## सीमावर्ती व नक्सल प्रभावित इलाकों से हथियारों की जब्ती (जून–सितंबर माह में)

| हथियार | कारतूस | आईईडी | ग्रेनेड |
|---|---|---|---|
| 97 | 8767 | 16 | 01 |

## आतंकवादियों, माओवादियों सहित अपराधियों का मारा या पकड़ा जाना एवं उनका आत्मसमर्पण

| क्रम संख्या | विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मारे गए | 14 |
| 2. | पकड़े गए | 1525 |

# कश्मीर सीमांत




रक्षाबंधन के दिन सीमा पोस्ट पर पहुंचकर जवानों को राखी बांधती स्थानीय महिला।



स्वतंत्रता दिवस पर 'flag passing run' के दौरान 70 बटालियन के सीमा प्रहरी।





झेलम नदी में स्नान कर रहे बच्चे साहिल का अचानक पांव फिसलने से वह गहरे पानी में डूबने लगा, जिस पर अचानक नजदीकी सीमा पोस्ट पर तैनात मुख्य आरक्षक अजय कुमार की नजर पड़ी। इस त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख्य आरक्षक ने सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए बच्चे को डूबने से बचा लिया।



स्वतंत्रता दिवस पर सहायक प्रशिक्षण केंद्र 'हुमहामा' में आयोजित 10 किमी पैदल चाल के दौरान सीमा प्रहरी।



74वें स्वतंत्रता दिवस पर 77 बटालियन की सीमा पोस्ट पर ध्वजारोहण के दौरान महानिरीक्षक, कश्मीर सीमांत श्री राजेश मिश्रा।

## पंजाब सीमांत




सीमा सुरक्षा बल, आर्मी व स्थानीय पुलिस के साथ पुंछ स्थित खनेतर टॉप में किए गए ज्वाइंट सर्च ऑपरेशन के दौरान बरामद 02 चाईनीज पिस्टल, 05 एके सीरीज राईफल सहित मैग्जीन व गोलियां।



'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत पैदल चाल के दौरान सीमा प्रहरी।



सीमा सुरक्षा बल के 13 सदस्यीय पर्वतारोही दल की शहादत को याद करते हुए लद्दाख के नुब्रा वैली में स्थित गांव 'पुकपोछे' में बल ने सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। इस मौके पर सीमा प्रहरियों ने स्थानीय निवासियों को आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया।

## जम्मू सीमांत




सांबा सेक्टर के अंतर्गत 48 बटालियन की सीमा चौकी 'गलार' के इलाके में मिली टनल। इसके माध्यम से आतंकी भारतीय सीमा में घुसपैठ कर कोई बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे, जिसे बल के प्रहरियों ने समय रहते ही विफल कर दिया।

# जम्मू सीमांत



गर्वनर, जम्मू एंड कश्मीर श्री मनोज सिन्हा सांबा सेक्टर के अंतर्गत सीमा चौकी पर सीमा प्रहरियों को फलों का टोकरा भेंट करते हुए। इस मौके पर महानिरीक्षक, जम्मू सीमांत श्री एन. एस. जमवाल सहित अन्य प्रहरीगण मौजूद रहे।




सेक्टर हेडक्वार्टर जम्मू में आयोजित 'फिट इंडिया रन' के दौरान सीमा प्रहरी।







'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' पर विभिन्न सीमावर्ती सीमा चौकियों पर योग सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान बल के तमाम सीमा प्रहरी योग साधना में लीन रहे।



महानिरीक्षक, जम्मू सीमांत श्री एन.एस. जमवाल के साथ सीमा क्षेत्र का दौरा करते महानिदेशक, जेएंडके पुलिस श्री दिलबाग सिंह व अन्य सीमा प्रहरी।



रक्षाबंधन के दिन जम्मू सीमांत के अंतर्गत सीमा चौकी 'ऑक्ट्रॉय' में सीमा प्रहरियों को राखी बांधती स्थानीय युवतियां।

# पंजाब सीमांत






124 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से बरामद 03 एके सिरीज राईफल, 02 एम–16 सिरीज राईफल, 02 पिस्टल सहित मैग्जीन व 168 राउंड के साथ बल के अधिकारी व जवान।




सेक्टर हेडक्वार्टर अमृतसर के इलाके से पकड़ी गई 9.63 किग्रा संदिग्ध हेरोइन के साथ बल के अधिकारी व जवान।



136 बटालियन के इलाके से बरामद 02 पैकेट संदिग्ध हेराइन के साथ 01 .30 बोर पिस्टल व मैग्जीन।



सीमांत मुख्यालय जालंधर में फिट इंडिया मुवमेटं के तहत आयोजित "फिट इंडिया फ्रीडम रन" के दौरान सीमा प्रहरी।




विश्व पर्यावरण दिवस पर सीमांत मुख्यालय जालंधर में आयोजित वृक्षारोपण अभियान के दौरान सीमा प्रहरी।

# पंजाब सीमांत






103 बटालियन की सीमा चौकी 'डल' के इलाके में घुसपैठ का प्रयास करते 05 आतंकियों को सजग सीमा प्रहरियों ने समय रहते ढेर कर दिया। इस दौरान सीमाक्षेत्र में किए सर्च ऑपरेशन के दौरान इनके पास से बरामद 09 पैकेट संदिग्ध हेरोइन, 01 एके सिरीज राईफल, 04 पिस्टल (09 एमएम बरैटा), 02 मोबाईल फोन सहित अन्य सामान के साथ बल के अधिकारी व जवान।



71 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से बरामद 08 पैकेट संदिग्ध हेराइन जिसे चप्पलों के सोल में छिपाकर तस्करी का प्रयास किया जा रहा था।




अबोहर सेक्टर के अंतर्गत 181 बटालियन के इलाके से पकड़े गए 14 पैकेट संदिग्ध हेराइन के साथ बल के अधिकारी व जवान।




124 बटालियन के इलाके से पकड़े गए 04 पैकेट संदिग्ध हेराइन के साथ सीमा प्रहरी।




116 बटालियन के इलाके से बरामद संदिग्ध हेरोइन से भरे 04 डिब्बों के साथ बल के अधिकारी व जवान।

# राजस्थान सीमांत



क्षेत्रीय मुख्यालय गंगानगर के अंतर्गत तैनात 91 बटालियन की सीमा चौकी 'ख्यालीवाला' के इलाके में घुसपैठ का प्रयास करते 02 घुसपैठियों को सजग सीमा प्रहरियों ने ढेर कर दिया। सर्च के दौरान इनके पास से 02 पिस्टल, 04 मैगजीन, संदिग्ध 10 पैकेट सहित अन्य सामान बरामद किया गया।



सेक्टर मुख्यालय बीकानेर के आधिकारिक दौरे पर पहुंचे महानिरीक्षक, राजस्थान सीमांत श्री अमित लोढ़ा सलामी लेते हुए।




विश्व पर्यावरण दिवस पर सीमांत मुख्यालय परिसर में आयोजित वृक्षारोपण अभियान के दौरान महानिरीक्षक, राजस्थान सीमांत श्री अमित लोढ़ा व मौजूद अन्य सीमा प्रहरी।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग साधना में लीन सीमा प्रहरी।



'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत 10 किमी दौड़ के आयोजन को झंडी दिखाकर रवाना करते महानिरीक्षक, जोधपुर सीमांत श्री आयुषमणि तिवारी।



74वें स्वतंत्रता दिवस पर सीमांत मुख्यालय जोधपुर में आयोजित वृक्षारोपण अभियान के दौरान सीमा प्रहरी।

# गुजरात सीमांत





क्षेत्रीय मुख्यालय भुज के अधिकारक्षेत्र 'हरामीनाला' में सीमा प्रहरियों ने 04–05 संदिग्ध मछुआरों को भारतीय सीमा प्रवेश करते हुए देखा। जिस पर बल के सजग जवानों ने उनका तेजी से पीछा करना प्रारंभ किया। तत्पश्चात 04 मछुआरों ने स्वयं को घिरता देख पानी में छलांग लगा दी और पाकिस्तानी जल क्षेत्र की ओर भाग गए। इस दौरान प्रहरियों ने त्वरित कार्यवाही कर एक संदिग्ध को दबोच लिया।




74वें स्वतंत्रता दिवस पर सीमांत मुख्यालय गुजरात में 63 बटालियन के क्वार्टर गार्ड परिसर में सलामी लेते महानिरीक्षक, गुजरात सीमांत श्री जीएस मलिक व अन्य सीमा प्रहरी।



मध्यरात्रि के समय बाड़मेर सेक्टर के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय सीमा से भारत में दाखिल होने का प्रयास करते 01 संदिग्ध घुसपैठिये को बल के सजग जवानों ने मार गिराया।




'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत सीमांत मुख्यालय, गुजरात परिसर से आयोजित 20 किमी साईकिल रैली के दौरान बल के अधिकारी व जवान।



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती पर सीमांत मुख्यालय गुजरात में आयोजित वृक्षारोपण अभियान के दौरान वृक्षारोपण करते उप–महानिरीक्षक, गुजरात सीमांत श्री राजसिंह राठौर।

# गुजरात सीमांत






गुजरात सीमांत के अंतर्गत स्थित सीमावर्ती गांव में आयोजित हुए सिविक एक्शन कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों को ट्राईसाईकिल्स का वितरण किया गया। इस दौरान मौजूद स्कूली बच्चों को भी आवश्यक सामान का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद बल के अधिकारी व जवान।



अंतर्राष्ट्रीय सीमा के नजदीक से पकड़ा गया महाराष्ट्र निवासी युवक जो पाकिस्तान में रहने वाली अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए बार्डर तक आ पहुंचा।



गांव में आ सीमांत मुख्यालय, गांधीनगर में स्थित कंपोजिट अस्पताल में आयुर्वेद ओपीडी सुविधा शुरू होने के दौरान मौजूद महानिरीक्षक, श्री जी.एस. मलिक। इस दौरान महोदय ने डायरेक्टर, आयुष, गुजरात डॉ भावना को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।




74वें स्वतंत्रता दिवस पर सीमांत मुख्यालय गुजरात में आयोजित वृक्षारोपण अभियान के दौरान मौजूद उप–महानिरीक्षक, श्री कैलाश लाल शाह व मौजूद अन्य सीमा प्रहरी।




कोविड महामारी के चलते चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के दौरान स्थानीय प्रशासन कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ते सीमा प्रहरी।

# दक्षिण बंगाल सीमांत




78 बटालियन की सीमा चौकी 'चांदनीचक' के इलाके से पकड़ी गईं याबा टेबलेट्स व 02 रिवॉल्वर के साथ मौजूद बल के अधिकारी व जवान।




158 बटालियन की सीमा चौकी 'गुनारमा' के इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद सामान के साथ सीमा प्रहरी।




सीमांत मुख्यालय, दक्षिण बंगाल में सीमा साथी हेल्पलाइन का अनावरण करते महानिरीक्षक, श्री वाई बी खुरानिया व अन्य पदाधिकारीगण।




24 बटालियन की सीमा चौकी 'चुरियंतपुर' के इलाके से पकड़ी गई नकली भारतीय मुद्रा।




112 बटालियन की सीमा चौकी 'हकीमपुर' के इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद 1.282 किग्रा सोने के बिस्किट्स के साथ मौजूद बल के अधिकारी व जवान।




158 बटालियन की सीमा चौकी 'तेंतुलबेरिया' के इलाके से तस्करों से मुक्त कराए गए विलुप्त प्राय पक्षी 'हेल्मेट क्यूरासो' के साथ सीमा प्रहरी।

# दक्षिण बंगाल सीमांत




112 बटालियन की सीमा चौकी 'भीतारी' के इलाके से पकड़े गए तस्करों से बरामद 10 किग्रा चांदी के साथ बल के अधिकारी व जवान।




107 बटालियन की सीमा चौकी 'आरसीपुर' के इलाके से पकड़े गए 86 किग्रा गांजे के साथ सीमा प्रहरी।




153 बटालियन की सीमा चौकी 'घोजाडांगा' के इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद प्रतिबंधित दवाईयों व अन्य सामान के साथ बल के अधिकारी व जवान।



112 बटालियन की सीमा चौकी 'हकीमपुर' के इलाके से बरामद 26.911 किग्रा चांदी के साथ बल के अधिकारी व जवान।



158 बटालियन की सीमा चौकी 'गुनारमठ' के इलाके से जब्त 1450 प्रतिबंधित फेंसिडिल।




81 बटालियन की सीमा चौकी 'महाखोला' के इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद 699.10 ग्राम, 06 सोने के बिस्किट्स के साथ बल के अधिकारी व जवान।

# दक्षिण बंगाल सीमांत



54 बटालियन की सीमा चौकी 'हरंडीपुर' के इलाके से पकड़े गए 19.947 किग्रा चांदी के आभूषणों के साथ सीमा



107 बटालियन की सीमा चौकी 'आरसीपुर' के इलाके से पकड़े गए 29.5 किग्रा गांजे के साथ सीमा प्रहरी।,




141 बटालियन की सीमा चौकी 'नरसारीपारा' के इलाके से पकड़े गए 10.5 किग्रा गांजा व 75 बोतल फेंसिडिल के साथ सीमा प्रहरी।



141 बटालियन की सीमा चौकी 'बोसमारी' के इलाके से पकड़े गए 05 पशु तस्करों के साथ बल के अधिकारी व जवान।



141 बटालियन की सीमा चौकी 'जलंगी' के इलाके से पकड़े 75.3 किग्रा गांजा व 50 बोतल फेंसिडिल के साथ बल के अधिकारी व जवान।



158 बटालियन की सीमा चौकी 'गुनारमठ' के इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद सामान के साथ सीमा प्रहरी।

# उत्तर बंगाल सीमांत




199 बटालियन की सीमा चौकी 'डिगीपारा' के इलाके से पकड़े बहुमूल्य सांप के जहर के जहर के जार के साथ बल के जवान।



विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण करते महानिरीक्षक उत्तर बंगाल सीमांत श्री ए.के. सिंह व अन्य सीमा प्रहरी।




199 बटालियन की सीमा चौकी 'भीमपुर' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित 1000 फेंसिडिल बोतल के साथ बल के अधिकारी व जवान।




199 बटालियन की सीमा चौकी 'हिली' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित 275 फेंसिडिल बोतल के साथ जवान।




137 बटालियन की सीमा चौकी 'चकगोपाल' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित 220 फेंसिडिल बोतल के साथ बल के अधिकारी व जवान।




199 बटालियन की सीमा चौकी 'गोविंदपुर' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित 9100 याबा टेबलेट्स व 34 फेंसिडिल बोतल के साथ बल के सीमा प्रहरी।

# उत्तर बंगाल सीमांत



137 बटालियन के इलाके से बांग्लादेशी लोगों को फ्लैग मीटिंग कर बीजीबी को सौंपते सीमा प्रहरी।



65 बटालियन की सीमा चौकी 'पठानपारा' के इलाके से पकड़ी गई महिला से बरामद 95000रूपये बांग्लादेशी मुद्र के साथ बल के अधिकारी व जवान।



135 बटालियन की सीमा चौकी 'कुमारगढ़' के इलाके से पकड़ी गई 295 प्रतिबंधित फेंसिडिल बोतल के साथ बल के अधिकारी व जवान।




174 बटालियन की सीमा चौकी 'कुसुमतला' के इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद प्रतिबंधित 120 फेंसिडिल बोतल के साथ बल के अधिकारी व जवान।




सीमांत मुख्यालय उत्तर बंगाल में आयोजित प्लाज्मा डोनेशन कैंप के दौरान प्लाज्मा डोनेट करता सीमा प्रहरी।




174 बटालियन की सीमा चौकी 'भद्रा' के इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद प्रतिबंधित 172 फेंसिडिल बोतल व अन्य सामान के साथ बल के अधिकारी व जवान।

# उत्तर बंगाल सीमांत




174 बटालियन की सीमा चौकी 'हमजापुर' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित 1000 फेंसिडिल बोतल के साथ बल के अधिकारी व जवान।




171 बटालियन की सीमा चौकी 'बामनबारी' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित 250 फेंसिडिल बोतल के साथ बल के जवान।




137 बटालियन की सीमा चौकी 'ग्येसपुर' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित 350 फेंसिडिल बोतल व 05 किग्रा गांजा के साथ बल के अधिकारी व जवान।




74वें स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान महानिरीक्षक श्री एस. के. त्यागी व मौजूद अन्य सीमा प्रहरी।



146 बटालियन की सीमा चौकी 'नरगांव' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित फेंसिडिल बोतल के साथ बल के अधिकारी व जवान।



174 बटालियन की सीमा चौकी 'कुसुमतला' के इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद प्रतिबंधित 210 फेंसिडिल बोतल के साथ बल के अधिकारी व जवान।

# गुवाहाटी सीमांत




100 बटालियन की सीमा चौकी 'सिताई' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित 106 फेंसिडिल बोतल व 02 किग्रा गांजा के साथ बल के जवान।




100 बटालियन की सीमा चौकी 'वेस्ट चमटा' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित 60 फेंसिडिल बोतल के साथ बल के जवान।




38 बटालियन की सीमा चौकी 'चित्रकूट' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित 228 फेंसिडिल बोतल के साथ सीमा प्रहरी।



140 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से पकड़ी गई 940 ग्राम प्रतिबंधित अफीम क साथ बल के अधिकारी व जवान।



06 बटालियन के इलाके से पकड़े गए संदिग्ध से बरामद 3200 प्रतिबंधित याबा टेबलेट्स के साथ सीमा प्रहरी।



38 बटालियन की सीमा चौकी 'गीतलदाह' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित 875 फेंसिडिल बोतल के साथ बल के अधिकारी व जवान।

# गुवाहाटी सीमांत




140 बटालियन की सीमा चौकी 'चंद्रकटा' के इलाके से पकड़े गए तस्करों से बरामद अफीम के साथ बल के अधिकारी व जवान।



06 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से पकड़े गए तस्करों से बरामद पशुधन के साथ सीमा प्रहरी।




100 बटालियन की सीमा चौकी 'सिताई' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित 262 फेंसिडिल बोतल व 04 किग्रा गांजा के साथ सीमा प्रहरी।



192 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से पकड़ा गए तस्कर से बरामद 185 याबा टेबलेट्स के साथ बल के अधिकारी व जवान।




47 बटालियन की सीमा चौकी 'अमृत' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित 318 फेंसिडिल बोतल के साथ बल के अधिकारी व जवान।




06 बटालियन की सीमा चौकी 'दायरा' के इलाके से बरामद 930 याबा टेबलेट्स के साथ जवान।

# मेघालय सीमांत




वेस्ट जयंतिया हिल के इलाके में स्थित सीमा चौकी 'मुक्तापुर' के इलाके से तस्करों से बरामद पशुधन के साथ सीमा प्रहरी।



74वें स्वतंत्रता दिवस पर सीमांत मुख्यालय में आयोजित 10 किमी पैदल चाल के दौरान बल के प्रहरी।



सीमांत मुख्यालय, मेघालय में 'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत आयोजित दौड़ में भाग लेते सीमा प्रहरी व उनके परिजन।



74वें स्वतंत्रता दिवस पर सीमांत मुख्यालय, मेघालय में 'आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान बल के वरिष्ठ अधिकारीगण।




74वें स्वतंत्रता दिवस पर 'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत आयोजित दौड़ के दौरान सीमा प्रहरी।



अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर सीमांत मुख्यालय मेघालय में आयोजित वृक्षारोपण अभियान के दौरान मौजूद सीमा प्रहरी।

# मेघालय सीमांत



सीमावर्ती इलाकों में आयोजित वृक्षारोपण अभियान के दौरान सीमा प्रहरी।



कोविड महामारी के चलते ईस्ट खासी हिल्स के इलाके में आयोजित निशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम के दौरान सीमा प्रहरी।




43 बटालियन के इलाके 'सीमाकोना' से पकड़े गए तस्कर से बरामद 101 याबा टेबलेट्स के साथ बल के अधिकारी व जवान।



ईस्ट खासी व वेस्ट जयंतिया हिल के इलाके से पकड़े गए पशुधन के साथ सीमा प्रहरी



वेस्ट जयंतिया हिल के इलाके में स्थित सीमा चौकी 'मुक्तापुर' के इलाके से पकड़े गए तस्करों से बरामद सामान के साथ सीमा प्रहरी।




हिंदी दिवस पर सीमांत मुख्यालय मेघालय में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान मौजूद बल के अधिकारी व जवान।

# मिजोरम और कछार सीमांत




90 बटालियन के इलाके में स्थित गांव फूलडूंगसी के बाहरी इलाके में 28 सितंबर 2020 की देर रात विशेष सूचना के तहत वाहनों की गहनता से जांच करने का अभियान चलाया। अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 15 किलोमीटर की हवाई दूरी पर चलाए गए इस अभियान में बल ने तीन गाडियों की जांच के दौरान 30 ऑटोमैटिक हथियारों सहित 03 संदिग्धों को धर दबोचा। बरामद हथियारों में 28 नग एके–सीरीज राईफल, 01– 5.56 एमएम एके –74 राईफल और 01 यूएस कार्बाइन 0.30 सहित 7894 राउंड शामिल हैं।



सीमांत मुख्यालय मिजोरम एंड कछार में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान महानिरीक्षक, श्री सुनील कुमार।




07 बटालियन की सीमा चौकी 'जगन्नाथ' के इलाके से पकड़ी गई 210 पैकेट बीड़ी के साथ बल के प्रहरी।



क्षेत्रीय मुख्यालय सिलचर के इलाके से पकड़े गए तस्करों से बरामद प्रतिबंधित सिगरेट के साथ बल के अधिकारी व जवान।




74वें स्वतंत्रता दिवस पर आईसीपी 'सुतराकंडी' के इलाके में बीजीबी अधिकारी को मिठाई भेंट करते महानिरीक्षक, श्री सुनील कुमार।

# त्रिपुरा सीमांत



सीमा सुरक्षा बल व बीजीबी के बीच ढाका में आयोजित वार्ता के लिए आईसीपी अगरतला पहुंचे महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल श्री राकेश अस्थाना जी का स्वागत करते बीजीबी अधिकारी।




145 बटालियन की सीमा चौकी 'दीपक' के इलाके से पकड़े 70 मोबाईल फोन के साथ सीमा प्रहरी।



80 बटालियन की सीमा चौकी 'सुंदरटीला' के इलाके से पकड़ा गया प्रतिबंधित सामान



130 बटालियन की सीमा चौकी 'बीएन दासपारा' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित फेंसिडिल बोतल के साथ बल के जवान।



सीमा चौकी 'श्रीमंतपुर' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित याबा टेबलेट्स।



130 बटालियन की सीमा चौकी 'नदिया' के इलाके से पकड़ी गई प्रतिबंधित फेंसिडिल बोतल।

# नक्सलरोधी सीमांत



160 बटालियन के दौरे पर सीओबी 'करतनपल्ली' में प्रहरियों को फलों का टोकरा भेंट करते महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल श्री राकेश अस्थाना।



157 बटालियन की सीओबी 'माहला' के इलाके से पकड़ी गई आईईडी।







132 बटालियन की सीओबी 'छोटीबेतिया' के इलाके में निर्धारित क्षेत्र की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान ऑप्स पार्टी ने झाड़ियों के अंदर छिपा एक लाल रंग का प्लास्टिक बैग बरामद किया जो पेड़ों की सूखी टहनियों से छिपाकर रखा गया था। संदिग्ध बैग की तलाशी के दौरान उसमें से 7.62 एमएम 33 राउंड, 01 प्लास्टिक पॉलीथिन बैग में छिपा बारूद आदि सामान बरामद किया गया।



04 बटालियन की सीओबी 'महेंद्रदत्ता' के इलाके से बरामद आईईडी व उसमें भरे सामान को नष्ट करने के दौरान मौजूद सीमा प्रहरी।



डिस्ट्रिक मलकानगिरी से सीमा सुरक्षा बल द्वारा पकड़ा गया नक्सली चंद्रा सीसा।

# नक्सलरोधी सीमांत





अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग साधना में लीन सीमा प्रहरी।



अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर छत्तीसगढ़ स्थित परिसर में आयोजित वृक्षारोपण अभियान के दौरान सीमा प्रहरी।



15 बटालियन की सीओबी 'गोविंदपल्ली' के इलाके से पकड़े गए गांजे से भरे ट्रक के साथ सीमा प्रहरी।



15 बटालियन के इलाके 'मछकुंड' में सिविक एक्शन कार्यक्रम के दौरान सीमा प्रहरी।



68 बटालियन की सीओबी 'काशीपुर' के इलाके में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सामान का निशुल्क वितरण करते सीमा प्रहरी।

# बल महानिदेशक का जम्मू दौरा



सीमावर्ती इलाकों का दौरा करते महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश अस्थाना व वरिष्ठ अधिकारीगण।



सीमा चौकी पर बल कार्मिकों को फलों का टोकरा भेंट करते महानिदेशक महोदय।




वृक्षारोपण अभियान के तहत 48 बटालियन की सीमा चौकी पर वृक्षारोपण करते महा. निदेशक महोदय।



महानिदेशक महोदय को सीमावर्ती इलाकों की जानकारी देते अधिकारी।



जम्मू की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के नजदीक मिली टनल का निरीक्षण करते महानिदेशक महोदय व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण।




सैनिक सम्मेलन के दौरान महानिदेशक महोदय।

# बल महानिदेशक का पंजाब दौरा




पंजाब सीमा पर लगी विशेष तारबंदी का निरीक्षक करते महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, श्री एस.एस. देसवाल।




जलीय सीमा का निरीक्षण करते महानिदेशक महोदय।



नवनिर्मित अधीनस्थ अधिकारी मैस का अनावरण करते महानिदेशक महोदय व उपस्थित वरिष्ठ अधिकारीगण।




क्षेत्रीय मुख्यालय परिसर, पंजाब में वृक्षारोपण करते महानिदेशक महोदय।



सीमावर्ती क्षेत्र के बारे में जानकारी लेते महानिदेशक महोदय।





क्षेत्रीय मुख्यालय, गुरदासपुर में सैनिक सम्मेलन के दौरान महानिदेशक महोदय।

# बल महानिदेशक का गुजरात दौरा



सीमावर्ती क्षेत्र का निरीक्षण करते महानिदेशक महोदय।



देश की जलीय सीमाओं में तैनात बल की फ्लोटिंग सीमा चौकी का निरीक्षण करते महा. निदेशक महोदय।



सीमा पर तैनात प्रहरियों की युद्धक तैयारियों को परखते महानिदेशक महोदय।



सीमा चौकी आगमन पर महानिदेशक महोदय के समक्ष सीमा प्रहरी।



बल के वरिष्ठअधिकारियों के साथ सीमावर्ती चुनौतियों को लेकर मंत्रणा करते महा. निदेशक महोदय।



सीमा चौकी व्यू प्वाइंट पर सीमावर्ती क्षेत्र की जानकारी देता कमांडर।

# छायाचित्र दीर्घा




95 बटालियन के दौरे पर विशेष यंत्र कार्यशाला का निरीक्षण करते महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल श्री एस.एस. देसवाल।



प्रहरी सम्मेलन के दौरान महानिदेशक महोदय।



95 बटालियन परिसर में वृक्षारोपण करते महानिदेशक महोदय।




फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आयोजित 10 किमी पैदल चाल के लिए दल को रवाना करते महानिदेशक महोदय।



बल के नई दिल्ली स्थित कैंप छावला में एफपीईटी के दौरान बल कार्मिकों से बातचीत करते महानिदेशक महोदय।



वृक्षारोपण अभियान के दौरान सीमा प्रहरी।

# छायाचित्र दीर्घा



बल मुख्यालय आगमन पर परेड की सलामी लेते महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल श्री राकेश अस्थाना।



महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल श्री राकेश अस्थाना को बल की कमान सौंपते, निर्व. तमान महानिदेशक श्री एस.एस. देसवाल।



निर्वतमान महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल श्री एस.एस. देसवाल को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित करते महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल श्री राकेश अस्थाना।



बांग्लादेश दूतावास में तैनात उच्चायुक्त को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित करते महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल श्री राकेश अस्थाना व मौजूद महानिरीक्षक, सामान्य, सोनाली मिश्रा।



ऑप्स कंट्रोल में बल संबंधित जानकारी लेते महानिदेशक, श्री राकेश अस्थाना व मौजूद अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण।



महानिदेशालय सामान्य के अपने दौरे के दौरान महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल श्री राकेश अस्थाना।

www.bsf.gov.in
OfficialPageBSF
BSF_India
BSF India
bsf_india

